# मासस गरीब और दबे-कुचलों की आवाज है : पवन

राजकुमार महतो । निरसा



**साधा निशाना**
- अरूप चटर्जी की लोकप्रियता से अन्य पार्टी घबरा गई है
- मासस ने किसानों के लिए जोरदार आंदोलन किया है

पूर्व विधायक अरूप चटर्जी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए अन्य पार्टी के नेता घबरा गये हैं. मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो ने झामुमो नेता अशोक मंडल द्वारा अरूप चटर्जी के खिलाफ दिये गये बयान पर तीखा वार करते हुए कहा कि मासस गरीब व दबे-कुचलों की आवाज है. जन समस्याओं के खिलाफ मासस जोरदार आंदोलन करता आया है. मासस सत्ता में रहे चाहे नहीं रहे, व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई लड़ती आयी है. वर्तमान में मासस पार्टी का एक भी विधायक नहीं है. इसके बावजूद राज्य में कई बड़े आंदोलन किए हैं. निगम के शहरी क्षेत्र, मजदूरों के कोलियरी क्षेत्र, किसानों के ग्रामीण क्षेत्रों में मासस पार्टी ने जोरदार आंदोलन किया है. जिसका परिणाम है किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग के लोगों का मासस पर आस्था है. यह सभी वर्ग के लोग जानते हैं कि यह एकमात्र पार्टी है जो कभी भी आंदोलन से पीछे नहीं हटा है.

पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने कभी भी गुमराह या भ्रम फैलाने की राजनीतिक नहीं की है. केंद्र सरकार द्वारा सभी सार्वजनिक संस्थाओं को एक-एक कर बेचना प्रारंभ कर दिया है. जिसमें कोल इंडिया को भी शामिल किया गया है. जिसके विरोध की शुरुआत कर दी गयी है. कोलियरी क्षेत्रों को निजी हाथों में हस्तांतरित किया जा रहा है. बड़े-बड़े पूंजीपति वर्गों को 25 से 30 वर्षों का खनन कार्य दिया जा रहा है. आने वाले समय अडाणी, अंबानी की कंपनी कोलियरी क्षेत्रों में अपना साम्राज्य फैलाएगी. इसका विरोध बीसीकेयूके बैनर तले लाल झंडा ने गोपनाथपुर कोलियरी से शुरू कर दिया है. हजारों-हजार की संख्या में मजदूर गोलबंद होकर गोपनाथपुर की सभा में अपनी चट्टानी एकता का परिचय दिया है. जिसे कई चाटुकार नेता इसे पचा नहीं पा रहे हैं. उल्टा मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं. जबकि झामुमो निजीकरण का विरोध करते आयी है, लेकिन सांप्रदायिक पार्टियों से झामुमो में आए हुए लोगों को निजीकरण से आम जनता के नुकसान का पता नहीं है. उन्हें यह भी जानकारी नहीं है कि राज्य में झामुमो गठबंधन की सरकार है. मैथन और पंचेत में डीवीसी की दो जलाशय से आम जनता को स्वच्छ जल उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेवारी है.

## पार्सल कार्यालय में 53 बार पड़ चुका है छापा
# वजन में हेराफेरी से करोड़ों का नुकसान



संवाददाता । धनबाद

भारतीय रेलवे में 260 अरब की कमाई कर नंबर वन का खिताब हासिल करनेवाला धनबाद रेल मंडल के मुख्यालय धनबाद स्टेशन के पार्सल कार्यालय में एक साल में पार्सल कार्यालय में विजिलेंस टीम ने 53 बार छापामारी की. वहीं हर बार सभी लगेज का वजन बिल्टी से अधिक पाया गया. ऐसे में एक साल में रेलवे को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हुआ है. सूत्रों के अनुसार विजिलेंस टीम की छापामारी और वजन में हेराफेरी से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता है. लीज होल्डर, पार्सल बाबू और रेलवे के कुछ पदाधिकारियों की मिलीभगत से रोजाना राजस्व की चोरी हो रही है. अवैध कमाई का हिस्सा जोनल मुख्यालय तक पहुंच रहा है. सूत्रों के अनुसार महीने में चार से पांच बार विजिलेंस की टीम धनबाद रेल मंडल के धनबाद समेत कई रेलवे स्टेशनों के पार्सल कार्यालय में छापामारी करती है और लीज होल्डर समेत अन्य लगेज बुक करनेवालों पर जुर्माना लगाया जाता है. कोई लीज होल्डर 20 लगेज बुक कराता है तो हर लगेज के वजन में 75 फीसदी घोटाला होता है. बिल्टी में 50 किलो है, तो लगेज में 200 किलो का सामान है. सामान व उसके रेट में भी गड़बड़ी होती है. सामान का बिल में किताब लिखा है और उसका रेट 5000 है, तो लगेज में किताब के बदले महंगा सामान रहता है.

### लीज होल्डरों व अन्य लगेज बुक करनेवालों ने 01 करोड़ 06 लाख 03 हजार 650 रुपये जुर्माना भरा

रेलवे सूत्रों के अनुसार एक साल में 53 बार छापामारी के दौरान वजन में गड़बड़ी मिलने से लीज होल्डरों व अन्य लगेज बुक करनेवालों ने 01 करोड़ 06 लाख 03 हजार 650 रुपये जुर्माना भरा है. फिर भी कई लीज होल्डर आपस में चर्चा करते हैं कि छापामारी से कोई फर्क नहीं पड़ता है. जितना जुर्माना भरते है, उससे हजारों गुना की कमाई हो जाता है. धनबाद से दिल्ली, जोधपुर, मुंबई, लखनऊ, चेन्नई, लुधियाना. चंडीगढ़, अमृतसर, दरभंगा, रक्सौल, सोनपुर, पटना, गोरखपुर समेत कई स्टेशनों तक लगेज बुक कर भेजा जाता है और वहां से धनबाद मंगाया जाता है. लगभग सभी स्टेशन के पार्सल बाबू व वहां के रेल मंडल के पदाधिकारियों से लीज होल्डरों की मिलीभगत होती है. जानकारी के अनुसार धनबाद समेत कई स्टेशनों पर पिछले 25 वर्षों से पुराने लीज होल्डरों का वर्चस्व कायम है. नए लीज होल्डरों को पुराने लीज होल्डर हमेशा परेशान करते हैं. उसके खिलाफ शिकायत कर संबंधित विभाग के अधिकारियों से छापामारी कर कार्रवाई करा देते हैं. यहां तक की विजिलेंस के कुछ अधिकारियों से सेटिंग कर छापामारी कराते हैं. ताकि नए लीज होल्डर अपना कारोबार समेट कर फरार हो जाए.

### कमाई के साथ राजस्व चोरी में भी नंबर वन

सूत्रों के अनुसार धनबाद रेल मंडल हर साल कमाई में नंबर वन का खिताब हासिल करता है. दूसरी ओर विभिन्न रेलवे स्टेशनों के पार्सल कार्यालयों में पदस्थापित क्लर्क, पार्सल बाबू, सुपरवाइजर व वाणिज्य विभाग के अधिकारी लगेज की बिल्टी में कम वजन दिखाकर हर साल अवैध रूप से करोड़ों रुपये की कमाई कर रहे हैं. यह खुलासा जोनल व रेलवे बोर्ड की ओर से विजिलेंस टीम की छापेमारी में भी हुआ है. विजिलेंस टीम एक साल में 53 बार छापामारी और हर बार वजन में गड़बड़ी की जांच रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंप दी है.

## विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा होगी आज

**धनबाद ।** कोयलांचल में मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है. शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ अन्य स्थानों पर भी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई है. जिले के हीरापुर, पुराना बाजार, झरिया सब्जी पट्टी, फुसबंग्ला, जामाडोबा, डिगवाडीह, पाथरडीह के बाजारों में काफी चहल-पहल देखी गई. सरस्वती पूजा को लेकर आम दिनों से फलों की कीमत में 20 से 40 रुपए किलो तक की वृद्धि देखी गई. इसमें केला 60 रुपये दर्जन, गाजर 60 रुपये किलो, बैर 60 रुपये केजी, मिश्रीकंद रुपये 60 केजी, शकरकंद 60 रुपये केजी, सेब 140 रुपये केजी, संतरा 80 रुपये केजी, अंगूर 80 रुपये प्रति किलो है. लेकिन लोग फिर भी खरीदारी में जुटे हैं. सरस्वती पूजा में मुख्य रूप से बैर, केला, मिश्रीकंद, अमरूद, अंगूर, संतरा, शकरकंद, गाजर के प्रसाद चढ़ाए जाते हैं. पूजा को देखते हुए थोक बाजार में फल 2 दिन पूर्व ही मंगा लिया जाता है.

## झामुमो ने लगाए ईडी-सीबीआई के खिलाफ नारे

**टुंडी।** झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो के नेतृत्व में मंगलवार को ईडी व सीबीआई के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली गई. रैली में सैकड़ों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता हरवे हथियार गाजे बाजे के साथ शामिल हुए. टुंडी भूरसाबांक से निकली रैली टुंडी बाजार होते हुए शिबू सोरेन डिग्री कालेज पहुंची, जहां सभा में तब्दील हो गई. इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने ईडी व सीबीआई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. सभा को संबोधित करते हुए विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार सभी गैर भाजपा सरकारों को अस्थिर करने में लगी है.



## पटरी पर सिर रख कर बस चालक ने दे दी जान

**मैथन।** कुमारधुबी अंडर पास ब्रिज के समीप सोमवार की रात अप लाइन पर सर रख एक बस चालक नसीम खान (45) ने जान दे दी. वह शिवलीबाड़ी के रहने वाला था. मृतक की पत्नी रजिया खातुन ने शव की पहचान की. कुमारधुबी पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को धनबाद भेज दिया है. रजिया ने पुलिस को बताया कि उसके पति नाइजीरिया में किसी कंपनी में काम करते थे. एक वर्ष पूर्व वापस घर लौट कर आए थे. पति ने बताया था कि कंपनी के पास छह माह का वेतन बकाया है. मजदूरी नहीं मिलने से वो आहत व तनाव में थे. यहां वो बस चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे. सोमवार की रात भोजन कर घर से निकले तो वापस नहीं लौटे. फोन करने पर फोन नहीं उठाया. मंगलवार के सुबह सूचना मिली कि रेल की पटरी पर किसी का शव पड़ा हुआ है.

## धनबाद विधायक राज के यहां लगने लगा दरबार

**धनबाद।** मनोकामना पूर्ति के लिए लोग जरूरत के हिसाब से देवता की पूजा करते हैं. राजनीति में भी कुछ ऐसा ही हो रहा है. धनबाद भाजपा में मनोकामना पूर्ति के लिए देवता ही बदल गए हैं. नए जिलाध्यक्ष की घोषणा के साथ ही दरबार भी बदल गया है. सांसद पीएन सिंह के यहां लगने वाला दरबार अब धनबाद विधायक राज सिन्हा के यहां लगने लगा है. जिला कमेटी में अपनी-अपनी जगह सुरक्षित कराने के लिए विधायक की गणेश परिक्रमा की जा रही है. नए जिलाध्यक्ष श्रवण राय विधायक राज सिन्हा के करीबी माने जाते हैं. इसलिए जिला कमेटी में जगह पाने की लालसा रखने वाले विधायक की खुशामद में लगे हुए हैं. सूत्रों की मानें तो महानगर के साथ ही ग्रामीण जिला कमेटी में भी राज सिन्हा के ही करीबियों को जगह मिलने की आशंका है.

## चिरकुंडा थाने में हुई शांति समिति की बैठक

**मैथन।** सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर मंगलवार को चिरकुंडा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में चिरकुंडा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष व शांति समिति के सदस्य महावीर प्रसाद शर्मा के आकस्मिक निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया. बैठक की अध्यक्षता कर रहे थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि मूर्ति का विसर्जन हर हाल में 16 फरवरी तक कर लेनी है. डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है व अश्लील गाना नहीं बजानी है. अफवाह पर ध्यान न देते हुए सूचना तत्काल पुलिस को देने की आग्रह किया.

## ब्रीफ खबरें

### डीएसपी ने किया तोपचांची थाना का औचक निरीक्षण

**तोपचांची।** मंगलवार को बाघमारा डीएसपी महेश प्रजापति ने देर शाम तोपचांची थाना का औचक निरीक्षण किया. औचक निरीक्षण के दौरान तोपचांची थाना में पदस्थापित थाना प्रभारी, एसआई, एएसआई से परिचय प्राप्त किए. बाघमारा डीएसपी महेश प्रजापति ने तोपचांची थाना में पेंडिंग मामले को जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया. उन्होंने पुलिस व पब्लिक के बीच बेहतर रिलेशनशिप बनाने की बात कही. तोपचांची थाना के सभी रिकॉर्ड को चेक किया गया. मौके पर तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार मौजूद थे.

### राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का मिलन समारोह

**निरसा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का मिलन समारोह मंगलवार को न्यू भमाल निरसा जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी के आवासीय कार्यालय पर किया गया. जिसमें निरसा खटाल के मिंटू कुमार यादव के नेतृत्व में कई कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का दामन थामन थामा. साथ ही सभी ने एक स्वर में कहा कि उमेश गोस्वामी ही हैं जो शिक्षित बेरोजगारों के लिए हमेशा संघर्ष करते आ रहे हैं. इनके नेतृत्व में काम करेंगे. कहा कि आप लोग का सहयोग मिलता रहेगा तो सारी समस्या दूर होगी.

### कुम्हारडीह में प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

**महुदा।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड रांची के सहयोग से स्वाभिमान संस्था द्वारा हाथूडीह पंचायत के कुम्हारडीह गांव में मंगलवार को लाख (लाह) की चूड़ियां बनाने के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन हथुडीह पंचायत की मुखिया संगीता घोषाल के द्वारा फीता काटकर किया गया. इस अवसर पर वार्ड सदस्य राकेश बाउरी को प्रशिक्षण में निगरानी एवं 25 दिवसीय प्रशिक्षण में सहयोगी रखा गया. मौके पर संस्था अध्यक्ष भुवनेश्वरी देवी ने प्रशिक्षण संबंधी जानकारी दी.

### चिरकुंडा चैंबर अध्यक्ष के निधन पर शोक की लहर

**मैथन ।** चिरकुंडा चैंबल ऑफ कामर्स के अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा (68) का मंगलवार के सुबह निधन हो गया. उनके निधन की खबर मिलते ही चिरकुंडा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई. उनके भाई पवन शर्मा ने बताया कि सुबह उनके भाई को अचानक छाती में दर्द हुआ व बेचैनी होने लगी, उन्हें तुरंत कुल्टी के श्री हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. बुधवार के सुबह उनका दाह संस्कार चिरकुंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा. वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्री व एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं.

### 6 कोयला व एक लोहा तस्कर हुआ गिरफ्तार

**कतरास ।** कोयला व लोहा के अवैध कारोबार के खिलाफ कतरास पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए कोयला लदा छः बाइक सहित छः तस्करों को दबोचा. साथ ही पुलिस ने लोहा लदे एक पिकअप वैन के साथ चालक को गिरफ्तार किया. कोयला तस्करी में गिरफ्तार लोगों में तोपचांची के संजय साव, हरिहरपुर के विशाल केवट, फुलवार के रीतलाल महतो, बिराजपुर के राजेश साव, राजगंज के शिव प्रसाद साव, रघुनाथपुर के संतोष गोप के अवैध लोहा कारोबार में तोपचांची थाना क्षेत्र के मतारी निवासी मो आशिक शामिल हैं. सभी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया.

## न्यूज अपडेट

### झरिया डिवीजन में सुरक्षा रैली का आयोजन

**धनबाद।** सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर मंगलवार को टाटा के झरिया डिवीजन में सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया. जिसमें झरिया डिवीजन और एसआईएस ग्रुप के 75 से अधिक सुरक्षाकर्मी शामिल थे. रैली को टाटा स्टील के झरिया डिवीजन के हेड (सेफ्टी) बरुण कुमार बनर्जी और हेड (एडमिनिस्ट्रेशन) कर्नल भवानी सिंह निर्वाण ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रैली जीएम कार्यालय जामाडोबा से शुरू हुई, जो जामाडोबा 2 पिट क्षेत्र का भ्रमण करते हुए जामाडोबा कोल प्रिपरेशन प्लांट में समाप्त हुई. रैली के बाद सड़क सुरक्षा पर एक सामूहिक बैठक भी की गई. उक्त कार्यक्रम 18 जनवरी से 17 फरवरी 2024 तक मनाए जाने वाले सड़क सुइक्षा अभियान के तहत किया गया.



### सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान

**महुदा।** मंगलवार को रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय महुदा की ओर से सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई. यह रैली प्रशासक मधुसूदन महतो, प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार महतो, नोडल पदाधिकारी भुनेश्वर विश्वकर्मा के संयुक्त नेतृत्व में वर्ग नवम के विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई. रैली में छात्र-छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से सावधानी हटी, दुर्घटना घटी, सेव ड्राइव, सेव लाइफ, वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करें, यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें आदि स्लोगन लगाकर लोगों को सचेत कर जागरूक किया. रैली के बाद विद्यालय प्रांगण में सड़क सुरक्षा अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया.



### दयानंद सरस्वती की मनाई गई 200वीं जयंती

**महुदा।** डीएवी महुदा में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती हर्षोल्लासपूर्वक मनायी गयी. इस अवसर पर दयानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया. विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक वीबी पांडे ने दयानंद के जीवन से संबंधित अनेक घटनाओं का बखान किया तथा बच्चों को उनके बताये हुए मार्ग पर चलने की सलाह दी. विद्यालय के प्राचार्य एके मंडल ने दयानंद की त्याग, देशभक्ति और राष्ट्रभाषा के प्रति लगाव की भावना बच्चों को सीखने की सलाह दी. वर्ग दूसरी के छात्र प्रियांश ने मूलशंकर की कथा कहकर सबका मन मोह लिया. कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के द्वारा किया गया.



### सबके हक की रक्षा करेगा भामसंः बलिराम

**धनबाद।** भारतीय मजदूर संघ का दो दिवसीय सत्र का आगाज मंगलवार को कोलनगरी के जुबली हॉल में क्षेत्रीय संगठन मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुआ. बीएमएस के 93वीं कार्यसमिति की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई. असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के हक की रक्षा कैसे हो, वैसे मजदूर जो दैनिक ठेका का काम करते हैं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रिक्शा चालक, ठेला चालक सबके हितों की रक्षा के मुद्दे पर व्यापक चर्चा हुई. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बलिराम यादव ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ हमेशा से मजदूरों के हित की रक्षा की बात करता रहता है.



### अपराध हुआ तो कार्रवाई के लिए भी रहें तैयार

**धनबाद।** धनबाद सिटी एसपी अजीत कुमार ने बुधवार शहरी क्षेत्र के थानेदारों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक की. इस दौरान सिटी एसपी ने सभी थानेदारों को शहर में हर तरह के अपराध पर अंकुश लगाने का दिशा निर्देश दिया. कड़ी चेतावनी दी कि यदि क्षेत्र में संगठित अपराध के मामले सामने आते हैं तो सख्त कार्रवाई के लिए थानेदार तैयार रहें. खासकर विधि व्यवस्था के मामले में लापरवाही बरतना बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं करने की बात उन्होंने कही. थानेदारों को निर्देश दिया कि जो भी आवेदक थाने पहुंचते हैं, उन्हें लगना चाहिए कि पुलिस आम जनमानस के लिए है. इस बात का अहसास होना चाहिए कि पुलिस जनता की सेवा और उनकी रक्षा के लिए तत्पर है.



## अयोध्या के लिए निकला जत्था पहुंचा बरोरा

संवाददाता । बरोरा



अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश भर से श्रद्धालुओं का दर्शन करने का सिलसिला जारी है. इस कड़ी में एक 7 लोगों का जत्था पश्चिम बंगाल से यूपी अयोध्या पैदल यात्रा पर निकल पड़े हैं. रामभक्तों का जत्था सोमवार को चिटाही राम राज्य मंदिर पहुंचा. जहां बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो द्वारा ठहरने एवं खाने पीने की व्यवस्था की गई. जिसके बाद मंगलवार की सुबह जत्था चिटाही धाम रामलला का पूजा अर्चना कर जत्था रवाना हो गया, जो मुराईडीह पहुंचा. मुराईडीह में समाजसेवी सशि यादव, नवीन सिंह ने सभी को हौसला बढ़ाया एवं चाय नास्ते का इंतजाम कर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. यात्रा का नेतृव कर रहे सुबोजित धीवर ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने बंगाल में अराजकता फैला रखी है. पश्चिम बंगाल आजाद भारत का गुलाम राज्य का एहसास करवा रहा है. इससे निजात दिलाने को लेकर यात्रा पर निकले हैं. हमारी यात्रा तकरीबन 800 किलोमीटर की है. जिसे हम 1 माह में पूरा करेंगे. बाघमारा आकर अच्छा लगा. यहां पर अयोध्या जैसा माहौल है. बाघमारा में राम राज्य है. जत्था में सुबोजित धीवर, गणेश धीवर, शुभम धीवर, आकाश धीवर, पार्थो कालिंदी, विधनु धीवर, चिन्मय धीवर शामिल थे. उनके स्वागत में सशि यादव, नवीन सिंह, सुरेश साव,रणधीर झा शामिल थे.

## प्रदूषण से परेशान जोड़ापोखर के ग्रामीण सड़क पर उतरे

संवाददाता । धनबाद

जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डुमरी दो नंबर, चार नंबर और जामाडोबा वाशरी के आसपास के रहने वाले ग्रामीणों ने एनकेसीपीएल ट्रांसपोर्टर, वाशरी से होने वाली कंपन और प्रदूषण के खिलाफ टाटा स्टील जामाडोबा महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष महाप्रबंधक का पुतला जलाया और विरोध प्रर्दशन किया. पुतला दहन के पूर्व ग्रामीणों ने विजय साव के नेतृत्व में एक जुलूस निकाला. जो क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद महाप्रबंधक कार्यालय के पास पहुचा और नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका. विजय साव ने कहा कि वाशरी के चलने के दौरान घरों में कंपन हो रहा है. कई घरों में दरार पड़ गया है. छत और छज्जे का प्लास्टर झड़ रहा है. दूसरी तरफ ट्रांस्पोर्टरों द्वारा संविदा मानकों की धज्जियां उड़ाते हुए कोयला ढुलाई की जाती है. प्रदूषण के कारण बस्ती के दर्जनों लोग बीमार पड़े हुए हैं. हाइवा चालक बहुत कम उम्र के रहते हैं. वाहनों को अत्यधिक गति से चलाते हैं. जिससे अक्सर दुर्घटना होती रहती है. उन्होंने बताया कि मौखिक और लिखित शिकायत कई बार किया गया. लेकिन सुनवाई नहीं हुई.















## ब्रीफ खबरें

### दुर्गापुर में मड़ई पूजा में उमड़ी लोगों की भीड़

**कसमार।** कसमार प्रखंड के दुर्गापुर गांव में मंगलवार को मड़ई पूजा का आयोजन किया गया. इस दौरान मड़ई पूजा में महामाई, वान सिनी, लूगु बाबा, बघूत कुदरा, बोड़ो पहाड़, बाबा बड़राव, राजा गोसाई की पूजा कर ग्रामीणों ने बकरे की बलि दी. इस दौरान दुर्गापुर के पाहन बोधन मांझी ने कहा कि यह पूजा आदि काल से चलता आ रहा है. पूजा के बाद इस ग्राम में ग्रामीण अपने अपने खेत मे बिहीन गाढ़ी एवं खेत की जोत आबाद शुरू करते हैं. मौके पर बोधन मांझी, अर्जुन महतो, संदीप कुमार महतो, कपिलेश्वर महतो, तुलसी मांझी, विदेशी मांझी मौजूद थे.

### सरस्वती पूजा में होगा माता जागरण

**कसमार।** कसमार प्रखंड के गर्री गांव में सरस्वती पूजा में माता जागरण को लेकर भव्य तैयारी की जा रही है. देश-विदेश में धूम मचानेवाले यूटूबर अमित एफएफ ने पूजा पर भव्य तैयारी की है. कार्यक्रम में पूरे प्रखंड के लोगों को आमंत्रित किया गया है. यूट्यूबर अमित कुमार प्रजापति ने बताया कि एक सप्ताह पहले से ही सरस्वती पूजा को सफल बनाने के लिए प्रचार- प्रसार किया जा रहा है. जागरण के साथ भजन कीर्तन व भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है, जिसमें लगभग पांच हजार लोगों को आमंत्रित किया गया है.

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन जख्मी

बरवाअड्डा। बरवाअड्डा थाना अन्तर्गत जोड़ापीपल के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई. जबकि एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया जाता है कि राजगंज से बरवाअड्डा की ओर आ रही स्विफ्ट डिजायर कार को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी. इससे कार अनियंत्रित हो गई और अपने आगे चल रही सवारी से भरी ऑटो को टक्कर मारते हुए डिवाइडर पर चढ़ गई. इधर टक्कर से ऑटो पलट गई और ऑटो चालक मरिचो निवासी सलीम अंसारी गम्भीर रूप से घायल हो गए.

### जिला स्तरीय चयन समिति की हुई बैठक

**साहिबगंज।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त राम निवास यादव की अध्यक्षता में मनरेगा अंतर्गत संविदा के आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक हुई. उन्होंने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं लेखा सहायक के रिक्त पदों की नियुक्ति के लिए 12 जनवरी को लिखित परीक्षा एवं टाइपिंग टेस्ट लिया गया था. इसी विषय पर चर्चा करते हुए उपायुक्त यादव ने नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए मेधा सूची बनाने एवं अग्रतर कार्रवाई जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया.

### हार्ड कोक व्यवसाई की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**धनबाद।** जगदंबा निवास धैया निवासी कैलाश अग्रवाल के पुत्र मनीष अग्रवाल जगदंबा हार्ड कोक के निदेशक को अदालत से बड़ा झटका लगा. धनबाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने मनीष की अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज कर दी. मनीष के विरुद्ध महेंद्र सिंह (धनबाद) ने 10 लाख रुपए धोखाधड़ी कर गबन करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा धनबाद थाना में दर्ज कराया था. सुनवाई के दौरान सहायक लोक अभियोजक समित प्रकाश ने कहा कि मनीष के विरुद्ध और भी लोगों से धोखाधड़ी कर लाखों रुपया गबन करने का पूर्व से आरोप है.

---

### जेएनयू में केन्द्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने एकीकृत खेल परिसर का किया शिलान्यास

# नवोदय के बच्चों में बहुत प्रतिभा है : अन्नपूर्णा देवी

**संवाददाता। गांडेय**



**बोलीं मंत्री**
- अन्नपूर्णा देवी ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया
- छात्राओं ने गीत गाकर सांसद का स्वागत किया

गांडेय बाजार स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनयू) परिसर में मंगलवार को कोडरमा लोकसभा सांसद सह केन्द्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बहुउद्देशीय सभागार और एकीकृत खेल परिसर का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया. सासंद ने उक्त स्थल में आयोजित पूजन कार्यक्रम में भी शामिल हुईं. सांसद का विद्यालय परिवार ने स्वागत किया. विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई. केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया और उसे बधाई दी. विद्यालय परिसर में छात्राओं द्वारा स्वागत स्वागत गीत गाकर एवं गुलदस्ता देकर माननीय केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी का स्वागत किया गया. अन्नपूर्णा देवी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार पीएम श्री योजना के तहत पूरे देश में 14 हजार विद्यालय अंडरटेकिंग किया है. जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय नेतरहाट विद्यालय शामिल है. नवोदय विद्यालय में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पढ़ते हैं. कहा कि नवोदय विद्यालय के बच्चों में बहुत प्रतिभा है. यहां प्रतिभा को सही प्लेटफार्म मिलेगा. केंद्र समय-समय पर शिक्षा विभाग को विभिन्न प्रकार के आदेश जारी करती है. जहां पर राज्य सरकार को दिशा निर्देश दिए जाते हैं. राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि शिक्षा और अन्य क्षेत्र में राज्य सरकार ध्यान नहीं देती है. 80000 शिक्षक के पद खाली हैं. लेकिन राज्य सरकार का इस पर ध्यान नहीं है. मौके पर उपस्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य उपेंद्रनाथ चोबे, सांसद प्रतिनिधि, दिनेश यादव, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, प्रदेशमंत्री दिलीप वर्मा, प्रमुख राजकुमार पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक, मुखिया अमृत लाल पाठक, पूर्व प्रमुख मनीषा पाण्डेय, प्रकाश यादव, पृषोतम चौधरी, हरी मंडल, राजू मंडल, सुरेंद्र रजक, श्याम पाठक सहित विद्यालय के शिक्षक और दर्जनों विद्यार्थियों ने भाग लिया .

---

# क्वार्टर में घुस कर अपराधियों ने रेल कर्मी को मारी गोली, मौत

**संवाददाता। साहिबगंज**



नगर थाना अंतर्गत एक रेल कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई. नॉर्थ कॉलोनी क्वार्टर नंबर 314 बी में रहने वाले राजकुमार चंदन को मध्य रात्रि अज्ञात अपराधियों ने घर में घुसकर गोली मारकर घटना को अंजाम दिया. घटना रात लगभग 1:30 की बताई जा रही है.

इसमें चंदन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मृतक रेलवे में चतुर्थवर्गीय के पद पर कार्यरत था. वे बिहार के बांका जिले के मंदार के निवासी थे. वह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ नॉर्थ कॉलोनी में कई सालों से रह रहे थे. लोगों ने बताया कि चंदन एकदम शांत स्वभाव के इंसान थे. कभी किसी से कोई भी दुश्मनी नहीं थी. वहीं पत्नी रिंकू देवी ने बताया कि कुछ दिन पहले शराबियों को शराब पीने को लेकर मना किया था. कुछ दिन पहले कहा सुनी हुई थी. बताया कि मध्य रात्रि को अज्ञात अपराधियों ने क्वार्टर का दरवाजा खोलकर गोली मार दी. जब मैं आकर देखी तो वे खून से लथपथ जमीन पर गिरे थे. घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. शव को अपने कब्ज में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया.

---

### छात्र विशाल मेहता ने 99.8222 पर्सेंटाइल लाकर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया

# जेईई मेन में डीपीएस बोकारो का दबदबा, विशाल बना टॉपर

**संवाददाता। बोकारो**

इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) 2024 में दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अपनी कुशल मेधा का परिचय दिया है. विद्यालय के छात्र विशाल मेहता ने सर्वाधिक 99.8222 पर्सेंटाइल लाकर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है. जबकि रयान सिंह 99.723 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे तथा मो. अम्मार 99.645 पर्सेंटाइल के साथ तीसरे स्थान पर रहे. समाचार लिखे जाने तक कुल 12 विद्यार्थियों को 99 पर्सेंटाइल से ज्यादा अंक मिले, जबकि 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में अपनी सफलता दर्ज की है. ज्ञातव्य है कि एनटीए जेईई मेन का दो सत्रों में आयोजन कर रही है. परीक्षा का पहला सत्र 24 जनवरी से 01 फरवरी के बीच हुआ था, जबकि दूसरा सत्र आगामी 01 से 15 अप्रैल 2024 तक आयोजित किया जाएगा. पेपर 1 का परिणाम सोमवार देर रात घोषित किया गया. हमेशा की तरह इस वर्ष भी डीपीएस बोकारो के छात्र-छात्राओं ने अपनी योग्यता का परचम लहराया. डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने इस शानदार परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा कहा कि डीपीएस के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता गरिमा में चार चांद लगाया है.


**सफलता पाने वाले विद्यार्थी**



विशाल मेहता (99 .8222), रेयान सिंह (99 .723), मो . अम्मार (99 .645), स्पर्श कुमार (99 .640), रक्षित राज (99 .628), स्पर्श राज (99 .56), उत्कर्ष कुमार (99 .523), अवन्तिका गुप्ता (99 .510), नमन जैन (99 .459), ऋषव कुमार (99 .4), मोहित कुमार (99 .20), आकाश महता (99 .065), आश्वी सिंह कश्यप (98 .99), आशुतोष सिंह (98 .94), मानव राज (98 .92), दिव्यांशु (98 .6), पुष्पित (98 .6), आर्यन रंजन सिंह (98 .5), बख्तावर जावेद (98 .1), विक्रांत कुमार (97 .38), साक्षी प्रिया (97 .36), ऋषभ कुमार (96 .62), सिद्धांत वैभव (96 .32), सौम्यदीप मंडल (96 .15), आयुष्मान दत्ता (96 .14), आर्यन कुमार (95 .52), आर्यन राज (95 .73), पौलम कुंडू (95 .79), विवेक आनंद (95 .73), हर्षवर्धन (95 .41), कामरीन (95 .20), वर्चस्व राज (95), आदर्श कुमार मिश्रा (94 .5), अधृत सिंह (94 .24), कार्तिक राज (94 .04), तेजस (93 .3), राधिका अग्रवाल (92 .80), समर सिंह (92 .62), ऋषभ रंजन (92 .61), अभिनव राज (92 .27) आदि के नाम शामिल हैं .

**जेईई मेन में पिट्स स्कूल के चार विद्यार्थियों ने मारी बाजी**





**बेरमो।** पिट्स मॉडर्न स्कूल गोमिया के चार विद्यार्थियों ने जेईई मेन में बाजी मारी है . इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) 2024 में गोमिया के चार विद्यार्थियों में प्रिंस राज 97 .6 आकांक्षा 97, सुजल कुमार यादव और एक अन्य विद्यार्थी ने परीक्षा पास की है . इस संबंध में पिट्स स्कूल के प्राचार्य मनोज कुमार उपाध्याय ने बताया कि विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है . यह छात्रों की मेहनत का परिणाम है .



---

# जारंगडीह में संयुक्त मोर्चा ने किया पीट मीटिंग

**संवाददाता। कथारा**



सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह खुली खदान परिसर में संयुक्त मोर्चा ने मंगलवार को पीट मीटिंग की. बता दें कि 16 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है. हड़ताल को सफल बनाने को लेकर मजदूरों को जागरूक करने के लिए पीट मीटिंग किया गया. पीट मीटिंग की अध्यक्षता श्याम बिहारी सिंह दिनकर के द्वारा तथा संचालन कमलेश गुप्ता के द्वारा किया गया. सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के कथारा क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस उर्फ बबलू ने कहा कि मजदूरों को हक अधिकार तथा मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध की आवाज अब और बुलंद करना होगा. साथ ही मो सनाउल्लाह ने कहा की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ मजदूरों को भी अब अपनी चट्टानी एकता का परिचय देना होगा. जनता मजदूर संघ के कथारा क्षेत्रीय सचिव कामोद प्रसाद ने कहा कि वर्तमान समय में जिस तरह एक एक कर मजदूरों को सुख सुविधा में कटौती की जा रही है, जो मजदूरों के लिए घातक है. ऐसे वक्त में सभी को एकजुट होकर मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए अपनी चट्टानी एकता का परिचय देना होगा.

### सीएम से समान काम के बदले समान वेतन की मांग

**धनबाद।** गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ के प्रदेश संगठन सचिव बिरसा भैगार एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष हरे राम सिंह ने मुख्यमंत्री चंपई



सोरेन से मिलकर समान काम का समान वेतन की मांग रखी. इस दौरान सीएम को गुलदस्ता भेंट किया. साथ ही सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्णयादेश को लागू किए जाने के विषय में बातचीत हुई. मुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया कि उक्त मुद्दा निश्चित रूप से कैबिनेट में लाया जाएगा और समान काम का समान वेतन झारखंड राज्य के गृह रक्षों को भी प्राप्त होगा. इस आशय की जानकारी धनबाद गृह रक्षा वाहिनी के नेता रिंकेश यादव ने दी.

---

### कानूनी सलाहकार सुभाष कटरियार के नेतृत्व में एसडीओ को मांग पत्र सौंपा

# पत्रकार की मौत मामले की जांच की मांग

**संवाददाता। तेनुघाट**



ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले प्रदेश कानूनी सलाहकार सुभाष कटरियार के नेतृत्व में एक मांगपत्र एसडीओ और एसडीपीओ बेरमो को सौंपा गया. ऐसोसिएशन के संरक्षक विल्सन फ्रांसिस, बोकारो जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिन्हा और महासचिव शिव शंकर नोनिया द्वारा हस्ताक्षरित मांगपत्र मुख्यमंत्री झारखंड सरकार और राज्यपाल के नाम अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह को सौंपा गया है. ज्ञापन में लातेहार के पत्रकार और एआईएसएमजेडब्लूए के पलामू प्रमंडल पदाधिकारी अजय सिन्हा की संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई मौत की सीआईडी जांच करने की मांग की गई है. इसके साथ ही दिवंगत अजय सिन्हा की आश्रित पत्नी को 10 लाख रुपया मुआवजा और एक सरकारी नौकरी के साथ बच्चों को निशुल्क शिक्षा की भी मांग की गई है. मौके पर उपस्थित पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि अक्सर सच्चाई लिखने को लेकर कई बार पत्रकार साथियों के साथ आए दिन घटना-दुर्घटनाएं होती देखी जा रही हैं. जिस पर सुरक्षा कानून लागू करने की मांग पत्रकार संगठनों द्वारा हुई, मगर अभी तक पत्रकारों को कोई सुविधा नहीं मिली है. मौके पर समय नवीन कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, मुकेश कुमार, जीवन सागर, बैजनाथ शर्मा, चंद्रशेखर कुमार, रमेंद्र कुमार सिन्हा, बॉबी राज, संजय कुमार, विजय कुमार, अमित कुमार, जेयूजे के उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सहित कई पत्रकार मौजूद थे. सभी ने तय किया कि अजय सिन्हा की आत्मा की शांति के लिए जिले में एक शोक सभा का आयोजन जल्द ही किया जाएगा.

---

### प्रतिनिधिमंडल ने अधीक्षण अभियंता के समक्ष रखी बिजली की समस्या

# अभियंता से मिला भाकपा प्रतिनिधिमंडल

**संवाददाता। बोकारो**



कसमार प्रखंड में बिजली संबंधी हर रोज की समस्याओं, सभी गांव व टोले मुहल्ले में बिना पैसा उगाही किये बिजली सेवा चालू नहीं करने समेत अन्य समस्याओं को लेकर भाकपा राजद जन अभियान का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को चास स्थित बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता से मिला. इस दौरान पत्र देकर अविलंब इस दिशा में समुचित कार्रवाई का आग्रह किया.

पत्र में बताया गया है कि मेनलाइन का तार ढीला होकर लटक जाने या टूट जाने, फ्यूज हो जाने जैसी रोज-रोज के मामलों में बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा पूरे गांव से पैसे का बिना उगाही किये बिना काम नहीं किया जाता है. इसमें स्थानीय कनीय अभियंता का भी पैसा उगाही में प्रोत्साहन दिखलाई पड़ता है. अधीक्षण अभियंता डीएन साहू से बातचीत करने के बाद जन अभियान के संयोजक इफ्तेखार महमूद एवं पंचानन महतो ने बताया कि मूंगो बागदा में ग्यारह हजार वोल्टेज का बिजली का एक तार महीनों पूर्व से टूट कर लटका हुआ है.

इसी जगह पर बिजली का एक पोल जमीन छोड़ कर तार के सहारे लटका हुआ है. हरलाडीह के ट्रांसफार्मर में तकनीकी गड़बड़ी के कारण कभी कभी जमीन में करंट आने की जानकारी विभाग कर्मियों को दी गयी है. रघुनाथपुर के महतो टोला में आंगनबाड़ी केंद्र के नजदीक मेनलाइन का तार ढीला हो कर चार-पांच फीट पर आ गया है. इसके बावजूद विभाग के कर्मी इसे दुरुस्त नहीं कर रहे हैं.

### मारपीट के आरोप में रेम्बा मुखिया पर मामला दर्ज

**जमुआ (गिरिडीह)।** मारपीट और छिनतई के आरोप में रेम्बा मुखिया पर मामला दर्ज किया गया है. जानकारी के अनुसार अभिषेक सोलर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किये जा रहे कार्य को बाधित कर मारपीट और छिनतई को लेकर कर्मी प्रदीप कुमार वर्मा साकिन, लछुवाडीह, बेंगाबाद ने हीरोडीह थाना में आवेदन देकर रेम्बा पंचायत के मुखिया धीरेंद्र कुमार मंडल पर कई गंभीर आरोप लगाया है. दिए आवेदन के अनुसार अभिषेक सोलर इंडस्ट्रीज द्वारा जल नल योजना के लिए फाउंडेशन का कार्य करवा रहा था. इसी बीच मुखिया एवं उनके पुत्र प्रिंस कुमार और एक अन्य नितेश कुमार द्वारा रंगदारी मांगने और मारपीट करने का जिक्र किया गया. रंगदारी में 5 लाख रुपये नहीं देने पर कार्य नहीं कराने का भी धमकी दी है. वगीं उचित कार्रवाई को लेकर हीरोडीह पुलिस ने मामला दर्ज कर कर लिया है.

---

# कोयला उत्पादन बढ़ाने में करें सकारात्मक सहयोग

**संवाददाता। बेरमो**



सीसीएल प्रबंधन कोयला उत्पादन का लक्ष्य पूरा करने और 16 फरवरी को आहूत हड़ताल में मजदूरों से भाग नहीं लेने की अपील की है. मंगलवार को ढोरी महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने एसीसी सदस्यों के साथ बैठक की.

महाप्रबंधक ने राष्ट्र व उद्योग हित में 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल में मजदूरों को भाग नहीं लेने की अपील की. मुख्यालय की ओर से ढ़ोरी प्रक्षेत्र को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में 46 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है. उसे पूरा करने के लिए जरूरी है कि मजदूर हड़ताल से दूर रहें. उन्होंने अधिकारियों से मैन एवं मशीन की क्षमता का भरपूर उपयोग करने को कहा. उन्होंने कोयला उत्पादन के संभावित क्षेत्र के विषय में जानकारी हासिल करने के बाद सुरक्षा के दृष्टिकोण से जरूरी पहल करने का निर्देश दिया. जीएम ने क्षेत्रीय श्रमिक प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे उत्पादन बढ़ाने में सकारात्मक सहयोग करें. इस अवसर पर एसओ माइनिंग अमिताभ तिवारी, एसओपी प्रतुल कुमार, पीओ शैलेश प्रसाद व रंजीत कुमार, एसओ एक्स यूके पासवान, एसओईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एरिया सर्वेयर ऑफिसर डीएस प्रसाद मौजूद थे.

### दुर्लभ ! गाय ने एक साथ 3 बछड़ों को दिया जन्म

**गावां।** गावां में पंचायत बादीडीह के गांव पंडरिया में एक गाय ने तीन बछड़ों को एक साथ जन्म दिया, जो कि काफी दुलर्भ माना जाता है. गाय और बछड़े स्वस्थ हैं. दरअसल, पंडरिया के राजू यादव ने अपने घर पर गाय पाल रखी है. उनकी गाय गर्भवती थी और प्रसव दौरान 3 बछड़ों को जन्म दिया, जिसमें एक बछड़ा और दो बछड़ी है. देखते ही देखते यह खबर हवा की तरह आस पड़ोस में फैल गई और बड़ी संख्या में लोग यहां गाय और बछड़ों को देखने पहुंच गये. घर वालों का कहना था कि उन्होंने केवल समाचारों में ही पढ़ा था, लेकिन अब उनकी गाय ने भी तीन बच्चों को जन्म दिया है. गावां के पशुपालन पदाधिकारी डॉ रामकृष्ण बाउरी ने कहा कि गाय एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है, तो आश्चर्यजनक है. जुड़वां बच्चा देना भी दुर्लभ मामला होता है.

---

**मिलन समारोह** गावां प्रखंड के राणा टोला में कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है: लक्ष्मण सिंह

**संवाददाता। गावां**



**ली सदस्यता**
- काफी संख्या में लोगों ने भाजपा का थामा दामन
- पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास कर रहा है

गिरिडीह जिले के गावां प्रखंड स्थित भाजपा माल्डा मंडल की ओर से माल्डा पंचायत के राणा टोला में मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आनंदी यादव व संचालन संयोजक अमरदीप निराला ने की. कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह उपस्थित थे. कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली. जिसपर लक्ष्मण सिंह ने सभी लोगों को पार्टी का अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. मौके पर पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजना से प्रभावित होकर यहां आज काफी संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली है. कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तरक्की की ओर बढ़ रहा है. महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है. महिलाओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें निशुल्क में गैस सिलेंडर, चूल्हा दिया जा रहा है. सरकार की महत्वाकांक्षी योजना घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है. सभी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे, इसे भी सुनिश्चित किया जा रहा है. कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत, विश्वकर्मा योजना, जनधन योजना, कृषि योजना से लोग काफी लाभान्वित हो रहे हैं. इन योजनाओं का लाभ लेकर लोग खुद से सशक्त बन रहे हैं. बाद में उन्होंने खरसान पंचायत में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर केंद्र सरकार की ओर से संचालित सभी योजनाओं से आमलोगों को आच्छादित कराने पर जोर दिया. कहा कि कार्यकर्ता सभी लोगों के घर-घर जाकर केंद्र सरकार की योजना से अवगत कराते हुए उसे लाभ दिलाने का काम करें. पूरा देश प्रधानमंत्री के विकास कार्यों से काफी उत्साहित है.

मौके पर सांसद प्रतिनिधि उदय यादव, अमरदीप निराला, अजीत राउत, विनोद मिष्टकार, अजीत तिवारी, अजय कुमार, रिंकू राणा, शंकर राणा, रेणु कुमारी, सुखदेव राणा समेत कई लोग उपस्थित थे.

### 34वें उपायुक्त के रूप में जाधव ने लिया प्रभार

**बोकारो।** बोकारो के 34वें उपायुक्त के रूप में जाधव विजया नारायण राव ने मंगलवार को निवर्तमान उपायुक्त कुलदीप चौधरी से प्रभार ग्रहण किया. नए उपायुक्त ने पदभार लेने के बाद जिले के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिले के विकास के लिए किए जाने वाली कार्यों की गति में निरंतरता बनाए रखने मे सहयोग की अपेक्षा की. उपायुक्त ने कहा कि बोकारो की जनता का विश्वास, उम्मीद एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने मे जिला प्रशासन पूर्ण प्रयास करेगा. सभी कार्यालय के कर्मचारी एक परिवार की तरह है. सभी का सहयोग जरूरी है. निवर्तमान डीसी कुलदीप ने कहा कि सेवा के दौरान पदाधिकारियों का पदस्थापन एवं स्थानांतरण एक प्रक्रिया है.

# शहर के वायु प्रदूषण के स्तर में हुआ सुधार, एक्यूआई रहा 102

**संवाददाता। धनबाद**

शहर में वायु प्रदूषण में सुधार देखा गया है. इसे लेकर धनबाद नगर निगम इसके लिए लगातार प्रयास कर रहा है. रविवार को वायु प्रदूषण सबसे निचले स्तर पर मापा गया. नगर निगम की ओर से जारी वायु गुणवत्ता बुलेटिन में रविवार को एक्यूआई 102 रहा. नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि अब नगर निगम हर हफ्ते शहर में प्रदूषण की स्थिति को लेकर साप्ताहिक वायु गुणवत्ता बुलेटिन निकालेगा. इसमें पिछले एक हफ्ते में धनबाद में वायु प्रदूषण की स्थिति पर रिपोर्ट जारी की जाएगी. इससे लोगों को प्रदूषण से बचने और इससे निपटने के उपाय को लेकर जागरूक किया जाएगा. निगम द्वारा वायु गुणवत्ता सूचकांक संबंधी आंकड़े के लिए शहर में 10 जगहों पर वायु गुणवत्ता मॉनिटर लगाए गए हैं, जिनमें से दो मॉनिटर के आधार पर निगम ने रिपोर्ट जारी की है. शहर में पांच डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से रियल टाइम डाटा का प्रसारण किया जाता है. बताते चलें कि एक्यूआई का आंकड़ा 101-200 के बीच को मॉडरेट माना जाता है, जबकि 201-300 के बीच के आंकड़े को खराब माना जाता है. इसमें 5 फरवरी को 177, 8 फरवरी को 136, 9 फरवरी को 117, 10 फरवरी को 130 और 11 फरवरी को 102 था.

### केरेडारी में दो व बड़कागांव में एक एंबुलेंस, एनटीपीसी पर सीएसआर फंड का उपयोग नहीं करने का आरोप

# हजारीबाग-टंडवा रोड में एक अदद स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल तक नहीं

**ज्ञान/राजेश। बड़कागांव/केरेडारी**

हजारीबाग जिले के बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में एनटीपीसी के अधीनस्थ कई कंपनियां काम कर रही हैं. इसमें पकरी बरवाडीह कोल माइंस, त्रिवेणी सैनिक कोल माइंस, ऋत्विक प्रोजेक्ट कोल माइंस, बीजीआर माइनिंग इंफ्रा लिमिटेड प्रमुख हैं. लेकिन, एनटीपीसी के सीएसआर फंड का उपयोग बड़कागांव और केरेडारी के विस्थापन प्रभावित क्षेत्र में न कर बाहर के क्षेत्र में किया जाता है.

माइनिंग प्रोजेक्ट के कारण हजारीबाग-टंडवा रोड से भारी वाहनों का परिचालन होता है. इस रोड में दुर्घटना आम बात हो गई है. इस क्षेत्र में एक भी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल नहीं होने के कारण इमरजेंसी केस में कई घायलों की जान चली जाती है. केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में जनवरी 2023 से जनवरी 2024 के बीच 1313 इमरजेंसी केस आए, जिसमें सड़क दुर्घटना के 775 मामले शामिल रहे. लेकिन, सवा लाख की आबादी वाले केरेडारी प्रखंड में मात्र दो एंबुलेंस की व्यवस्था है. वहीं साढ़े 4 लाख की आबादी वाले बड़कागांव क्षेत्र में मात्र एक एंबुलेंस की सुविधा दी गई. हालांकि, बड़े-बड़े पोस्टर, बैनर में उपलब्धि गिनाए जाते रहे हैं, मगर धरातल पर स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति काफी दयनीय दिखाई देती है.

**ग्रामीण मोहताज**

- कई कोल माइंस कंपनियां क्षेत्र में काम कर रही हैं काम
- भारी वाहनों के परिवहन के कारण दुर्घटनाएं आम बात

**क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि**



केरेडारी प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी कहती हैं कि हजारीबाग से टंडवा की दूरी 50 किलोमीटर है. इस रोड में अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है. लेकिन कोई भी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल नहीं होने के कारण न जाने कितनी माताओं की कोख उजड़ चुकी है.


आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी कहते हैं कि बड़कागांव एवं केरेडारी में एनटीपीसी के सीएसआर फंड का उपयोग नहीं होता है. विस्थापन प्रभावितों लोगों के लिए अच्छे अस्पताल की व्यवस्था करनी चाहिए.


बड़कागांव प्रखंड प्रमुख फुलवा देवी कहती हैं कि बड़कागांव व केरेडारी में कंपनियां तो बहुत हैं, लेकिन विकास के नाम पर शून्य है. यहां के सीएसआर फंड की राशि दूसरे जगहों के विकास में खर्च की जाती है, लेकिन यहां कोई ध्यान नहीं दिया जाता है.


सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार कहते हैं कि बड़कागांव-केरेडारी में अस्पताल के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है. अस्पताल में कोई स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं है. अस्पताल में एक-दो एंबुलेंस है, तो उसमें मरीज को ही तेल डालने के लिए कहा जाता है.


बड़कागांव के समाजसेवी सोनू इराकी बताते हैं कि हजारीबाग से टंडवा के बीच में एक भी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल नहीं है. अगर कोई दुर्घटना हो जाती है, तो घायल को हजारीबाग ले जाने के दौरान बीच रास्ते में ही कई मरीजों की जान चली जाती है.


केरेडारी मुखिया संघ के अध्यक्ष महेश प्रसाद साव कहते हैं कि केरेडारी और बड़कागांव में जितनी भी कंपनियां हैं, उन कंपनियों ने क्षेत्र में एक भी हॉस्पिटल की व्यवस्था नहीं की है. सिर्फ फास्ट ट्रैक के भरोसे कंपनियां चलाई जा रही हैं.

## ब्रीफ खबरें

### शिक्षक का अश्लील गाने पर डांस का वीडियो वायरल

**हजारीबाग।** शहर के बाबूगांव चौक स्थित संजय मैथमेटिक्स के इंटर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई कार्यक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इसमें कोचिंग संचालक एक छात्रा का दुप्पटा पहन कर अश्लील गाने पर डांस कर रहा है. उसके साथ-साथ कोचिंग के छात्र-छात्राएं भी डांस कर रहे हैं. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इसकी कड़ी निंदा की है. साथ ही जिला प्रशासन से मांग की है कि शिक्षा के मंदिर में ऐसे घृणित कार्य करने वाले शिक्षक को कठोर दंड दिया जाए. नगर मंत्री रुद्र राज ने कहा कि शहर के कोर्रा, मटवारी, जबरा, और देवांगना क्षेत्र में हजारों की संख्या में अवैध कोचिंग संस्थान संचालित हैं, जो केंद्र एवं राज्य सरकार के किसी भी मानक को पूरा नहीं करते हैं.

### स्पर्श कुष्ठ जागरूकता के तहत प्रतियोगिता

**रामगढ़।** स्पर्श कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को हाई स्कूल, सोसोकला में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. तूलिका रानी की अध्यक्षता में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने कुष्ठ रोग से संबंधित विषय पर क्विज प्रतियोगिताओं भाग लिया. इसमें सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया. इस दौरान बच्चों एवं शिक्षकों को डॉ. तूलिका ने मानसिक रोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी. मौके पर काय चिकित्सक सावन कुमार ठाकुर, जिला कार्यक्रम सहायक आमोद कुमार, पीएमडब्लू-एनएलईपी मनीषा पहान, सीएचओ श्वेता लकड़ा सहित अन्य मौजूद थे.

### हजारीबाग प्रेस क्लब में आज होगा गृह प्रवेश

**हजारीबाग।** पुराना समाहरणालय स्थित हजारीबाग प्रेस क्लब में बसंत पंचमी के अवसर पर गृह प्रवेश होगा और मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर आराधना की जाएगी. मां सरस्वती की पूजा को लेकर पत्रकार समूह उत्साहित हैं. वहीं, प्रेस क्लब के पदाधिकारी और सदस्य पखवाड़े से रात दिन प्रयास कर रहे हैं. बेहद ही आकर्षक ढंग से विद्युतीय साज-सज्जा और टेंट-पंडाल के साथ प्रकृति की मनोहारी खूबसूरती के बीच आकर्षक सेल्फी प्वाइंट लगाए गए हैं. क्लब के द्वारा जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, अधिवक्ता, व्यवसायी, समाजसेवी, पत्रकार सहित अन्य सभी वर्गों को पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है.

### गन्ना विकास विभाग की ओर से किसान गोष्ठी

**बड़कागांव।** प्रखंड अंतर्गत कांडतरी पंचायत के ग्राम कांडतरी में एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया. अध्यक्षता मुखिया सह जिला उपाध्यक्ष मुखिया संघ पारसनाथ प्रसाद और संचालन गन्ना विकास विभाग के सहायक निदेशक ने किया. सहायक निदेशक ने गन्ने की उन्नतिशील प्रजातियों की पहचान एवं उनके गुण दोष के बारे में किसानों को बताया. साथ ही गन्ने लगने वाले कीट रोग एवं उसके नियंत्रण के संबंध में भी जानकारी दी. किसान गोष्ठी में उप मुखिया राजदेव महतो, पूर्व मुखिया जय हिंद कुमार, कृषक मित्र रघुनंदन महतो, मुरली महतो, बाबूलाल महतो, सुरेंद्र महतो, लखन महतो, रोहन कुमार, नंदकिशोर महतो, अवकाश कुमार एवं दर्जनों किसान उपस्थित रहे.

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या मामले में सास-ससुर न्यायालय में दोषी करार

# 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**संवाददाता। कोडरमा**



**कोर्ट फैसला**

- एडीजे द्वितीय अजय कुमार सिंह की कोर्ट ने सुनाई सजा
- पति को 2017 में ही दी गई थी आजीवन कारावास की सजा

दहेज के लिए विवाहिता की हत्या के एक मामले पर सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने आरोपी सास-ससुर को दोषी करार दिया है. चंदवारा थाना क्षेत्र के मदन गुंडी निवासी मथुरा पासवान और उसकी पत्नी फुलवा देवी को आईपीसी की धारा 304 बी के तहत 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है. न्यायालय ने 498 ए के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा भी सुनाई है. दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी. मामला वर्ष 2014 का है. इसे लेकर सरिया निवासी शंकर पासवान ने अपनी विवाहित पुत्री सरिता देवी (21) की दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए पति रंजीत पासवान, सास फुलवा देवी और ससुर मथुरा पासवान के खिलाफ चंदवारा थाना में मामला दर्ज कराया था. इस मामले में मृतका के पति रंजीत पासवान को वर्ष 2017 में ही न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी. वहीं, आरोपी सास-ससुर फरार चल रहे थे. अदालत की ओर से दोनों को फरार घोषित किया गया था. करीब 9 साल बाद 14 मार्च 2023 को दोनों फरार अभियुक्तों को पुलिस पड़कर लाई. चार्ज फ्रेम होने के 6 माह के अंदर न्यायालय ने मामले का निष्पादन किया.

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक एंजेलिना वारला ने 9 गवाहों का परीक्षण कराया गया. उन्होंने अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया था. वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक गुप्ता एवं अनवर हुसैन ने दलीलें पेश कीं. अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया.


## अपराध की योजना बनाते तीन बदमाश गिरफ्तार

**रामगढ़।** बासल थाना क्षेत्र में आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बनाते तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद हुआ है. पुलिस ने पूछताछ के बाद अग्रेतर कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. इस संबंध में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार राम ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि एसपी पीयूष पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि बासल थाना क्षेत्र के मुरकट्टी डैम के पास अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में जुटे हुए हैं. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया गया. इस क्रम में तीन लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रियांश सिंह उर्फ स्वतंत्र उर्फ आरडीएक्स, शिवम राज और अनिकेत कुमार उर्फ मोनू के रूप में पुलिस ने की है. तीनों रांची जिले के धुर्वा थाना क्षेत्र का रहने वाला है. तलाशी में एक पिस्तौल, दो कट्टा और आठ एमएम का एक कारतूस बरामद हुआ है.



- बासल थाना क्षेत्र के मुरकट्टी डैम के पास से दबोचे गए
- एक पिस्तौल, दो कट्टा और 8 एमएम का एक कारतूस बरामद



**रोशन साहू हत्याकांड में शामिल था एक अभियुक्त**

एसडीपीओ ने बताया कि इन तीनों में एक अभियुक्त 6 अगस्त 2023 को बासल थाना क्षेत्र के माही रेस्टोरेंट के मालिक रोशन साहू हत्याकांड में शामिल था. उसने अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है. अभियुक्त की निशानदेही पर हत्याकांड में उपयोग की गई बाइक का नंबर प्लेट भी जब्त किया गया है. छापेमारी दल में पतरातू एसडीपीओ के साथ पतरातू अंचल पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह, बासल थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंतिया, पतरातू थाना प्रभारी राजदीप कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद, दारोगा सोनू कुमार, दारोगा मंटू चौधरी सहित पतरातू थाना के सशस्त्र बल शामिल थे.

## विस क्षेत्र के विकास के बारे में मेरा काम बोलेगा : अकेला

**संवाददाता। चौपारण**



**विकास कार्य**

- बरही विधायक ने किया तीन योजनाओं का शिलान्यास
- दो पथ का निर्माण व एक तालाब का होगा गहरीकरण

बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र में तीन योजनाओं का शिलान्यास किया. इस संबंध में विधायक के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार यादव ने बताया कि विधायक अकेला द्वारा प्रखंड में दो सड़क और एक तालाब गहरीकरण योजना के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई है.

इसमें चौपारण प्रखंड की चैथी पंचायत के ग्राम पपरो में प्राथमिक विद्यालय पपरो से केदार राणा के घर होते हुए दीपक रविदास के घर तक 1000 फीट पथ निर्माण, ग्राम पंचायत चौपारण के औलाद कॉलोनी में तीसरी गली आरईओ रोड से फेकू एजेंट के घर तक पथ निर्माण और पंचायत बरहमौरिया के ग्राम हथिया में तालाब गहरीकरण का कार्य किया जाएगा. सभी जगह ग्रमीणों ने बरही विधायक का जोरदार स्वागत किया. ग्रामीणों ने क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्य को लेकर विधायक का आभार जताया. मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि क्षेत्र में कितना काम हो रहा है, वो मैं नहीं, बल्कि मेरा काम बोलेगा. शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मीडिया प्रभारी के अलावा बालकिसुन यादव, सुखदेव यादव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे.

## सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया

**संवाददाता। हजारीबाग**



**प्रशासनिक कार्रवाई**

- जिला प्रशासन की सक्रियता से भू-माफिया के मंसूबे नाकाम
- दो घंटे में ईंट, बालू, छर्री समेत अन्य सामान को हटाया गया

येन-केन- प्रकारेण सरकारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश पर जिला प्रशासन की सक्रियता के कारण जमीन कब्जाने वालों के मंसूबों पर पानी फिर गया. मामला बड़कागांव रोड स्थित जयप्रभा नगर की सरकारी जमीन से जुड़ा है. यहां मनोज महतो ने ईंट, बालू एवं डस्ट रख सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा था. वहीं, सामने की जमीन पर भी बिना मापी के चहारदीवारी की जा रही थी.

इसे लेकर सदर अंचलाधिकारी ने चेताया कि उक्त जमीन पर धारा 107 और 144 लागू है. इसके बावजूद जमीन पर चहारदीवारी निर्माण कार्य किया जा रहा था. इसे लेकर जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों के आदेश पर सदर सीओ मयंक कुमार ने अतिक्रमणवाद की कार्रवाई की. उन्होंने कब्जाधारी मनोज के पास मौजूद जमीन के कागजात की जांच की, तो डीड पर दूसरे व्यक्ति का नाम पर मिला. सीओ ने चेतावनी दी कि जो भी सरकारी जमीन पर कब्जा करेगा, उस पर प्राथमिकी दर्ज होगी. मनोज महतो को तुरंत सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया. तब जाकर दो घंटे के अंदर उसने ईंट, बालू, छर्री समेत अन्य सामान हटा लिया.

**जमीन कब्जा करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई : एसडीओ**

सीओ ने बताया कि नगर निगम के माध्यम से उक्त जमीन पर एक बड़े पार्क के निर्माण का प्रस्ताव है. स्थानीय लोगों ने सीओ को बताया कि यहां मां संतोषी मंदिर की मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा के लिए यज्ञ स्थल भी प्रस्तावित है. इसके बाद नगर निगम के जेसीबी से मंडप स्थल खाली कराया गया. इधर सदर एसडीओ अशोक कुमार ने सीओ को निर्देश दिया है कि वह जमीन सार्वजनिक रूप से चिह्नित है. कब्जा करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजें.

### टेंपो चालक संघ ने 16 को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को समर्थन का लिया निर्णय

# टेंपो स्टैंड स्थल का चयन संघर्ष की जीत : सीटू

**संवाददाता। झुमरी तिलैया**



**संगठन बैठक**

- टेंपो चालकों की अन्य मांगों को लेकर तेज होगा संघर्ष
- लेबर कोड के खिलाफ हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान

सीटू से संबद्ध झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के बैनर तले ऑटो चालक संघ की बैठक पुरानी नगर पालिका के पास मो. रफीक की अध्यक्षता में हुई. इस क्रम दौरान नगर पर्षद के द्वारा पुराना नगर पालिका के पास अस्थायी टेंपो स्टैंड बनाने का स्वागत किया गया. साथ ही केंद्र सरकार की मजदूर व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के द्वारा 16 फरवरी को बुलाई गई देशव्यापी हड़ताल का समर्थन किया है.

इसे लेकर झुमरी तिलैया में होने वाली सीटू की रैली में टेंपो चालक संघ के बैनर तले शामिल होने का निर्णय लिया गया. बैठक को संबोधित करते हुए सीटू नेता प्रेम प्रकाश ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में टेंपो स्टैंड स्थल का चयन होना एकजुट संघर्ष की जीत है. वहीं, टेंपो चालकों की अन्य महत्वपूर्ण मांगों को लेकर संघर्ष तेज किया जाएगा. देश में बेरोजगारी चरम पर है, जिसके कारण पढ़े-लिखे युवा ऑटो और टोटो चलाने के लिए मजबूर हैं. अपने अधिकार के लिए इनके पास संघर्ष के सिवाय कोई रास्ता नहीं है. उन्होंने मोदी सरकार की महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाली नीतियों और मजदूरों को गुलाम बनाने वाली चार लेबर कोड के खिलाफ 16 फरवरी की हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया.

बैठक में मो. रफीक खान, राजकुमार, चंदन सिंह, विजय शर्मा, कपिल पासवान, महेश वर्मा, अशोक पासवान, अमरदीप गिरी, दशरथ शर्मा, अजय दास, मंटु, दिलीप पासवान, बोधी साव, सुनील कुमार, प्रदीप साव, गणेश महतो, विजय साव, आशीष कुमार, मो. सुल्तान, मनोज साव, राजन कुमार, बंटी, मनोज शर्मा, भोला कुमार पंडित आदि मौजूद थे.

### वैलेंटाइन डे : प्यार के इजहार के बीच इठलाएगा सुर्ख लाल गुलाब

# आज दो दिलों का इजहार-ए-इश्क

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**



सप्ताहभर पहले रोज डे से परवान चढ़ा प्यार का सप्ताह बुधवार को वैलेंटाइन डे पर इजहार-ए- इश्क में बदल जाएगा. दो दिलों की भावनाओं का ज्वार उमड़ेगा. इजहार-ए-इश्क स्वीकार होगा या नहीं, लेकिन इन सबके बीच खामोश सुर्ख लाल गुलाब हर हाल में इठलाता रहेगा. मनोरम झील के किनारे वैलेंटाइन डे के इस रूमानी मौसम में मंगलवार को मोहब्बत के आलम में प्रेमी जोड़े डूबे रहे.

सातवें दिन किस डे के बाद आखिरकार वैलेंटाइन डे की बारी आ गयी. इस मौके पर एक नहीं हजार अफसाने होंगे. कितनों के दिल जुड़ेंगे, कितनों के दिलों के ख्वाब अधूरे भी रह जाएंगे. कई प्रेमी युगल और दंपती भी इस दिन को यादगार बनाने में जुट गए हैं. कई लोग वैवाहिक बंधन में बंधने जा रहे हैं, तो कई लोग प्रेम की बेमिसाल निशानी ताजमहल की सैर कर वहां फोटो सेशन कराने कुछ दिन पहले आगरा के लिए रवाना हो गए हैं. होटलों में टेबल की बुकिंग हो चुकी है. खुली वादियों में इजहार- ए-इश्क की दस्तक के लिए भी जोड़े तैयार हैं. सहसा झील, कैनेरी हिल की हवाओं में भी मोहब्बत की मिठास घुले होने के अहसास दिखाई दे रहे हैं. संत वैलेंटाइन के किस्से को प्रेमी यादगार बनाने में लगे हुए हैं. हालांकि कई लोग इसे पश्चिमी संस्कृति का हवाला देकर प्यार पर पहरा लगाने की भी बात कर रहे हैं.

## उत्तरी छोटानागपुर अपडेट

### विहिप ने चलाया धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम



**झुमरी तिलैया।** विश्व हिंदू परिषद का वार्षिक कार्यक्रम धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम के तहत विहिप के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह और प्रांत उपाध्यक्ष सह धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम के प्रांत संयोजक चंद्रकांत रायपत झुमरी तिलैया पहुंचे. उन्होंने जिले एवं प्रांत के पदाधिकारियों के साथ समाज के गणमान्य लोगों से मिल कर धर्म रक्षा हेतु सहयोग का आग्रह किया. बैठक की अध्यक्षता कार्य अध्यक्ष राजय वर्मा एवं संचालन जिला मंत्री पंकज दुबे ने किया. मौके पर प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह, प्रांत समरसता सह प्रमुख मनोज चंद्रवंशी, विभाग मंत्री अनूप यादव, विभाग गो रक्षा प्रमुख अजय वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मोदी, जिला सह मंत्री संजय तर्व, प्रचार-प्रसार प्रमुख सुनील दास, मठ-मंदिर प्रमुख आशुतोष भदानी, नगर अध्यक्ष अरविंद एकधरा, मंत्री विनय सिन्हा, सह मंत्री लाल बहादुर चौधरी, नगर विशेष संपर्क प्रमुख मनोज राणा, उपेंद्र कुमार दुबे, सीता कुमारी वर्मा, नेहा कुमारी पांडे, मोती सागर सिंह कई कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### कैनवास पेंटिंग में सेक्रेड हार्ट के बच्चों ने बाजी मारी

**कोडरमा।** एक्सपीरियंस जापान द्वारा आयोजित 9वीं राष्ट्रीय जापान ऑन कैनवास पेंटिंग प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 21 बच्चों ने बाजी मारी.



वहीं, स्कूल की स्वीटी कुमारी कक्षा 7 वीं एवं हंसिका रानी कक्षा 9 वीं ने एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी परफॉरमेंस अवार्ड विजेता घोषित किया गया. प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने बताया कि देश के 67 स्कूलों से लगभग 2500 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई, जिसमें सेक्रेड हार्ट स्कूल से 21 बच्चे चयनित हुए थे. दो छात्राओं को एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी परफॉरमेंस अवार्ड से नवाजा गया. यह अपने आप में क्षेत्र के लिए गौरव की बात है. उन्होंने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. साथ ही अभिभावकों को सहयोग देने के लिए धन्यवाद किया. सभी बच्चों को सर्टिफिकेट और विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया. वहीं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ड्राइंग की शिक्षिका कुंतल जेठवा एवं को-ऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार को भी सर्टिफिकेट दिया गया.

### ढिबरा मजदूर संघ का धरना दूसरे दिन भी जारी

**कोडरमा।** मौसम के बदले मिजाज के बीच ढिबरा मजदूर संघ के अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा. रूक-रूक कर हो रही बारिश के बीच ढिबरा मजदूर आंदोलन पर डटे रहे. मजदूर संघ के अध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार में जेएमएम और कांग्रेस शामिल है. इस वजह से पिछले दिनों ढिबरा पर बने कानून को अबतक लागू नहीं कराया जा सका है. उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की ओर से ढिबरा मजदूरों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है कि जैसे वे अपराधी हों. उन्होंने अगली रणनीति के तहत उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी. मौके पर सैकड़ों ढिबरा मजदूर मौजूद थे. गौरतलब हो कि पिछले दिनों भी ढिबरा मजदूरों ने अनिश्चितकालीन धरना दिया था. धरना में मुख्य रूप से उपस्थित कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने ढिबरा पर कानून बनाने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया था. ढिबरा पर कानून तो बना, लेकिन अबतक लागू नहीं हो पाया है.



### जीएम लैंड पर सड़क निर्माण को लेकर बनी सहमति

**केरेडारी।** ब्लॉक सभागार में अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवल की मौजूदगी में जोरदाग-लवानिया मोड ट्रांसपोर्टिंग सड़क को लेकर रैयत, एनटीपीसी के अधिकारी के साथ त्रिपक्षीय वार्ता हुई. अध्यक्षता पचड़ा पंचायत मुखिया महेश प्रसाद ने किया. बैठक में दर्जनों रैयत शामिल हुए. रैयतों से अंचलाधिकारी ने एनटीपीसी द्वारा बनाई जा रही लगभग 2 किमी लंबी कच्ची सड़क निर्माण कार्य को लेकर विचार- विमर्श किया. इस दौरान रैयती जमीन पर सड़क न बना कर जीएम लैंड जमीन पर सड़क बनाने पर सहमति बनी. एनटीपीसी के लैंड अधिकारी ने सहमति जताते हुए फिर से सड़क का रूट चार्ट जल्द तैयार कर सड़क बनाने की बात कही है. मौके पर एनटीपीसी के लैंड अधिकारी नील स्वयं, प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम रंजन पासवान, वार्ड सदस्य कन्हैया माली, रामकुमार साव, हीरामन महतो, संतोष महतो, दिलीप महतो, मोहन साव सहित दर्जनों भू-रैयत मौजूद थे.



### डीपीएस में खेलकूद प्रतियोगिता सप्ताह संपन्न

**हजारीबाग।** एंजेल्स हाई स्कूल परिवार द्वारा चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सप्ताह मंगलवार को का संपन्न हो गया. शनिवार को डीपीएस स्कूल, शंकरपुर के मैदान में शुरू हुई इस प्रतियोगिता में लिटिल एंजल्स, एंजेल्स हाई स्कूल और डीपीएस स्कूल के करीब 2000 प्रतिभागियों ने भाग लिया. प्रतिदिन करीब 30 इवेंट्स हुए. इस प्रतियोगिता में पांचवी से नवम कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर का दम दिखाया. कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं मशाल प्रज्ज्वलन से मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल ने किया. तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने नृत्य एवं ड्रिल का शानदार प्रदर्शन किया. विभिन्न वर्गों के छात्र-छात्राओं के लिए उनकी योग्यता अनुसार अलग-अलग दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी. स्कूल की निदेशिका निशा जायसवाल ने बताया कि प्रतियोगिता के जरिये विद्यार्थियों को अनुशासन, सहयोग व खेल भावना का पाठ पढ़ाया गया.



## ब्रीफ खबरें

### रेलवे ट्रैक किनारे मिला सिर कटा शव

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले में जहां रेलवे ट्रैक किनारे एक युवक का सिर कटा शव मिला है. शव की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई है. शव एक 20 वर्षीय युवक का लग रहा है. मिली जानकारी के अनुसार, जिले के कांटी थाना क्षेत्र के दामोदरपुर रेलवे गुमटी के समीप एक युवक का शव मिला है. शव को देखते ही स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी कांटी थाने और रेल पुलिस को दी. वहीं, सूचना मिलते ही रेल पुलिस और कांटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है.

### नालंदा में दो बीईओ को किया निलंबित

**नालंदा।** बिहार में शिक्षा विभाग बीते जुलाई 2023 के बाद लगातार स्कूलों की जांच कर रही है, लेकिन, जिले के अधिकारियों व कर्मियों की जांच में कोई गड़बड़ी सामने नहीं आती है. जबकि, निदेशालय स्तर की जांच में गड़बड़ियों की भरभार मिलती है. इसकी पुष्टि शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों की जांच से ही होती है. दरअसल शिक्षा विभाग के उपनिदेशक शिवनाथ प्रसाद ने 9 फरवरी को हिलसा प्रखंड के चिकसौरा हाईस्कूल व मध्य विद्यालय और इन्दौत मध्य विद्यालय करायपसुराय प्लस-2 स्कूल की जांच की थी. इस दौरान स्कूलों में गड़बड़ियों की भरमार पाई गई.

### मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, चार गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के परबत्ती मुहल्ले से पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है. इस दौरान अवैध हथियार का जखीरा, हथियार बनाने वाले उपकरण बरामद करते हुए 04 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. उक्त आशय की जानकारी मंगलवार को एसएसपी आनंद कुमार ने एक प्रेस वार्ता के दौरान दी. गिरफ्तार लोगों में मो सलाउद्दीन, राजा उर्फ तनवीर आलम, मो. फैजीउर रहमान और मो. आशिफ शामिल हैं. इस दौरान पिस्टल 2, रिवाल्वर 1, कारतूस 7.65 एम एम 51, देशी कट्टा 03, कारतूस 7.62 आदि बरामद किए गए हैं.

## वित्तीय वर्ष 2024-25 : वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने खोला खजाना

# दो लाख 78 हजार करोड़ का बजट विधानसभा में किया पेश

**संवाददाता। पटना**

बिहार विधानसभा में वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने वर्ष 2024-25 का बिहार का बजट पेश किया. दो लाख 78 हजार 425 करोड़ रुपये के इस बजट में विकास को प्राथमिकता दी गई है. सम्राट चौधरी ने अपने बजट भाषण में कहा कि समाज के हर एक बड़े काम सरकार ध्यान रखेगी. यह सरकार विकास के मुद्दे पर काम कर रही है. मैं कई बार मंत्री रहा लेकिन मंगलवार को पहली बार वित्त मंत्री के हैसियत से बजट पेश कर रहा हूं. इस दौरान सदन में विपक्ष का हंगामा चलता रहा.

उन्होंने कहा कि विकास के मुद्दे पर सरकार काम कर रही है. बिहार में विकास दर 10.4 प्रतिशत है, जो देश में सबसे ज्यादा है. समाज के हर वर्ग का सरकार ध्यान रखेगी. परिवहन और संचार के लिए 46,729 करोड़ का बजट रखा गया है. वित्त मंत्री ने कहा कि इस बजट में रोजगार और शिक्षा पर विशेष ध्यान रखा गया है. प्रदेश में मातृ मृत्यु दर में गिरावट आई है. राज्य सरकार ने कई नीतिगत फैसले लिए हैं. वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार में गरीबी दर में 8 फीसदी की गिरावट आई है. चतुर्थ कृषि रोड मैप लागू किया गया है. दो करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले हैं. आरक्षण की सीमा बढ़ाई गई है. 94 लाख परिवार आर्थिक रूप से कमजोर,बिहार में निवेश लाने की कोशिश जारी. पर्यटन में निवेश करने पर सब्सिडी देने का फैसला.




### नीतीश कुमार बोले- 200 से ज्यादा सीटों जीतेगी एनडीए

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को सदन में कहा कि अब हम लोगों को मिलकर रहना है. बजट सत्र के दूसरे दिन सीएम सदन में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि जदयू और बीजेपी दोनों पार्टियां मिलकर काम करेंगी. कहा कि अगले चुनाव (2025 विधानसभा चुनाव) में एनडीए की 200 से ज्यादा सीटों पर जीत होगी. यह भी कहा कि बिहार में 40 की 40 सीटें जीतेंगे. सदन में नीतीश कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव होने वाला है. पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी. सीएम नीतीश कुमार ने राजद को आड़े हाथों लेते हुए जवाब दिया.

### बजट की मुख्य बातें

स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए 700 करोड़. जीएसटी वसूली में 95 फीसदी लक्ष्य पूरा किया. साल 2024-25 तक बिजली उत्पादन में नवीकरण ऊर्जा से 35 फीसदी बिजली उत्पादन का लक्ष्य. वाणिज्य कर विभाग ने 95 .4 फीसदी कर संग्रह किया है. बजट में कुल 2,78,425 करोड़ रुपये खर्च किये जाने का लक्ष्य. सात निश्चय-2 के लिए 5 हजार 40 करोड़ का प्रावधान. सात निश्चय-1 और 2 पूरे राज्य में लागू होगा. बजट में वित्तीय संतुलन का ध्यान रखा गया है. 2,26,496 करोड़ राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है.

## भाजपा विधायक ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा, बोले-

# पुलिस ने बेटे को गिरफ्तार किया अब उसका एनकाउंटर कर देंगे

**संवाददाता। पटना**

भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव को बेटे का एनकाउंटर का डर बना हुआ है. उन्होंने कहा कि मेरे बेटे की गिरफ्तारी के आठ घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने गायब कर रखा है. इतना ही नहीं मिश्रीलाल यादव ने दरभंगा पुलिस पर 40 हजार घूस मांगने का भी आरोप लगाया गया. भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव आज विधानसभा नहीं पहुंचे और अपनी ही सरकार के खिलाफ विरोध मार्च निकाला. पुत्र की गिरफ्तारी के बाद मिश्री लाल यादव समर्थक के साथ विरोध मार्च निकालते हुए केवटी प्रखंड मुख्यालय पर हंगामा कर रहे है. इधर, विधायक समर्थकों के हंगामा को देखते हुए केवटी थाना पर भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है. विधायक मिश्री लाल यादव ने पुलिस पर आरोप लगाया है पुलिस ने मेरे पुत्र के एनकाउंटर कर देने की धमकी दी है. पुलिस मेरे बेटे पर मनगढ़ंत आरोप लगा रही है. हमलोग राजनीतिक जीवन में रहने वाले हैं. हमें लोकतंत्र में पूरी आस्था है. दरभंगा जिला के केवटी थानाध्यक्ष को फ़ोन करने गोली मारने की धमकी और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने को लेकर थानाध्यक्ष अनोज कुमार द्वारा केस दर्ज कराया गया था. इसके बाद विधायक पुत्र धीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया.



## लालू यादव के साले सुभाष यादव का मामला

# घर पर पहुंची बुलडोजर, तब जाकर कोर्ट में किया सरेंडर

**संवाददाता। पटना**

लालू यादव के साले सुभाष यादव पर एक बार फिर पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है. मंगलवार को पटना सुभाष यादव के आवास पर पुलिस बुलडोजर लेकर पहुंच गई. पिछले 31 जनवरी को पुलिस ने कुर्की-जब्ती का का नोटिस दिया था. इस दौरान सुभाष यादव को सरेंडर करने का आदेश दिया गया था. हालांकि मंगलवार को जैसे ही पुलिस कुर्की के लिए पहुंची दूसरी ओर सुभाष यादव ने कोर्ट में सरेंडर कर दिए हैं.

वरीय अधिकारी व दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति में कुर्की जब्ती की कार्रवाई होनी थी लेकिन सुभाष यादव ने सिविल कोर्ट स्थित एमपी एमएलए कोर्ट में खुद को सरेंडर कर दिए.



### नियोजित शिक्षकों की नौकरी नहीं जाएगी

**पटना।** बिहार के नियोजित शिक्षक सड़क पर उतर आए हैं. इधर, धरना प्रदर्शन को लेकर शिक्षा विभाग के एसीएस केके पाठक ने कहा था कि शिक्षक आंदोलन करेंगे तो कार्रवाई होगी. वहीं, शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सक्षमता परीक्षा पास नहीं करेंगे तो उनकी नौकरी नहीं रहेगी, यह अंतिम निर्णय नहीं हुआ है. हालांकि कमेटी ने अनुशंसा की है. अभी शिक्षकों को हड़बड़ाना नहीं चाहिए, क्योंकि सरकार का कोई निर्णय नहीं हुआ है. सरकार ने कहा था कि कमेटी से जांच कराएंगे. विभाग ने कमेटी बनाई और उसने अनुशंसा दी है.

### विधायक मनोज मंजिल को उम्रकैद की सजा

**पटना।** आरा के बहुचर्चित जेपी सिंह हत्याकांड मामले में सीपीआई माले के विधायक मनोज मंजिल को आजीवन कारावास की सजा हुई है. आरा कोर्ट के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के न्यायाधीश सत्येन्द्र सिंह ने मंगलवार को मनोज मंजिल समेत 23 आरोपितों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी है. मनोज को सजा के अलावा 10 हजार का जुर्माना भी देना होगा. जेपी सिंह की हत्या नौ साल पूर्व हुई थी. हत्या के बाद दर्ज मुकदमे पर मंगलवार को सजा सुनाई गई है. भोजपुर जिला के अगियांव सीट से विधायक मनोज को सजा मिलने के बाद हिरासत में ले लिया गया है.

## एआईएमआईएम नेता अब्दुल सलाम की गोली मारकर हत्या

**संवाददाता। पटना**

गोपालगंज में एआईएमआईएम नेता अब्दुल सलाम उर्फ असलम मुखिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. अब्दुल सलाम उर्फ असलम मुखिया गोपालगंज उपचुनाव में एआईएमआईएम के प्रत्याशी थे. साथ ही वे पार्टी के सह प्रदेश सचिव भी थे. एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने इस घटना को लेकर सरकार की कड़ी निंदा की है. ये घटना नगर थाना क्षेत्र के तुरकहा पुल के पास की है. जानकारी के मुताबिक बाइक सवार दो अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया है. वहीं, गोपालगंज पुलिस की एसआईटी ने इस हत्याकांड में 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे लगातार पूछताछ की जा रही है. अपराधियों की एक बाइक भी पुलिस ने बरामद कर लिया है. एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि हत्या आपसी रंजिश में हुई है. उन्होंने दावा किया कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर लिए जाएगा. उधर, एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने घटना की निंदा करते हुए नीतीश सरकार को कठघरे में खड़ा किया है. वहीं, राजद के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह ने भी हत्याकांड की कड़ी निंदा की.

### बिहार विस अध्यक्ष पद के लिए बीजेपी नेता नंद किशोर यादव ने किया नामांकन

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव ने मंगलवार को बिहार विधानसभा अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया. विधानसभा सचिवालय ने यह जानकारी दी. यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. यह पद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अवध बिहारी चौधरी को हटाए जाने से रिक्त हुआ है, जिन्हें सोमवार को अविश्वास प्रस्ताव में हार का सामना करना पड़ा था.

## सुप्रीम कोर्ट : ठग वाला बयान वापस लिया

# तेजस्वी के खिलाफ याचिका खारिज

**भाषा। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने उस कथित टिप्पणी को लेकर राजद के नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं.

न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने इस बात पर गौर करने के बाद यादव को राहत दी कि उन्होंने अपना बयान वापस ले लिया है. पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता द्वारा अपना बयान वापस लिये जाने के मद्देनजर हमने मामले को रद्द कर दिया है. मामले का निपटारा कर दिया गया है. न्यायालय ने अहमदाबाद की एक अदालत में लंबित आपराधिक मानहानि के मामले को राज्य के बाहर किसी दूसरी जगह स्थानांतरित करने की तेजस्वी यादव की याचिका पर पांच फरवरी को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था.

न्यायालय ने 29 जनवरी को यादव को उनकी यह कथित टिप्पणी वापस लेते हुए एक उपयुक्त बयान दाखिल करने का निर्देश दिया था. तेजस्वी ने अपनी कथित टिप्पणी केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं, को वापस लेते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया था.



## कारोबार

### पेटीएम का शेयर 10 प्रतिशत लुढ़का

**नयी दिल्ली।** पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में मंगलवार को 10 प्रतिशत की गिरावट आई और यह निचले 'सर्किट' पर पहुंच गया. पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ रिजर्व बैंक की कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार करने के बाद पहली बार वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर दोनों प्रमुख शेयर बाजारों में 400 रुपये की सीमा से नीचे गिर गए. एनएसई और बीएसई पर शेयर क्रमशः 10 प्रतिशत गिरकर निचले 'सर्किट' 380 रुपये और 380.35 रुपये पर बंद हुआ.

### बीएचईएल को 148.77 करोड़ का हुआ घाटा

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी बीएचईएल को चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 148.77 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है. कंपनी को पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में 42.28 करोड़ का शुद्ध मुनाफा हुआ था. बीएचईएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 5,599.63 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 5,353.94 करोड़ रुपये थी.

### नये वाहनों की आयात के लिए मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने मुंद्रा बंदरगाह और गढ़ी हरसरू आईसीडी (इनलैंड कंटनेर डिपो) को नए वाहनों के आयात की अनुमति मिल गई है. एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई. इसके साथ ही नए वाहनों का आयात करने वाले बंदरगाहों और आईसीडी की संख्या बढ़कर 18 हो गई है. विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की अधिसूचना के अनुसार, मुंद्रा बंदरगाह तथा आईसीडी गढ़ी हरसरू को 16 मौजूदा बंदरगाहों/आईसीडी की सूची में शामिल किया जा रहा है, जिससे नए वाहनों के आयात के लिए बंदरगाहों/आईसीडी की कुल संख्या 18 हो जाएगी.

## अयोध्या में पहले से ही जिंजर, विवांता और सिलेक्शंस ब्रांड्स मौजूद हैं

# अयोध्या में भी खुलेगा ताज होटल

**भाषा। नयी दिल्ली**

अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद निवेशकों के लिए यह धार्मिक शहर अहम होता जा रहा है. इस पर सबसे अधिक नजर होटल और पर्यटन कारोबारियों की नजर है. इसमें अब टाटा ग्रूप भी शामिल होने जा रहा है. टाटा ग्रुप की हॉस्पिटेलिटी कंपनी ताज होटल्स, अयोध्या में अपनी चौथी प्रॉपर्टी बनाने जा रही है. ताज के एमडी और सीईओ पुनीत चटवाल ने 13 फरवरी को पवित्र शहर की अपनी यात्रा की घोषणा करते हुए इस फैसले की पुष्टि की. अयोध्या में पहले से ही जिंजर, विवांता और सिलेक्शंस ब्रांड्स मौजूद हैं. अब अयोध्या में ताज होटल भी खुलने वाला है.

चटवाल ने शहर के विकास की संभावनाओं के बारे में आशा व्यक्त करते हुए कहा कि अगले 3-4 सालों में अयोध्या में 50 से 100 नए होटल खुलने की उम्मीद है. इसके अलावा, और शहर में नए होटल खोलने के अवसर तलाश रहा है. अयोध्या एक धार्मिक केंद्र है, जिसने कई होटल चेन का ध्यान अपनी ओर खींचा है. रेडिसन होटल समूह के चेयरमैन एमेरिटस और प्रिंसिपल एडवाइजर (दक्षिण एशिया) केबी काचरु ने बताया कि शहर के लिए पांच सितारा से लेकर मिडस्केल तक के 12 होटल पहले ही तय किए जा चुके हैं.

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भव्य राम मंदिर के उद्घाटन से कुछ दिन पहले ही अयोध्या में रेडिसन का पार्क इन शुरू किया गया था. ताज होटल्स ने अयोध्या में पहले ही अपना लक्जरी होटल विवांता खोले हुए है. इसके अलावा बजट होटल जिंजर और खास होटल सिलेक्शंस वहां पहले से चल रहे हैं. लेकिन, प्रतिष्ठित ताज ब्रांड की मौजूदगी अभी तक महसूस नहीं की गई थी. हालांकि ताज की आगामी प्रॉपर्टी के साथ जल्द ही इसमें बदलाव आने की उम्मीद है. अयोध्या में होटल व्यवसायियों की दिलचस्पी बढ़ने का कारण बढ़ती मांग और शहर की धार्मिक स्थल के रूप में प्रतिष्ठा है. अभी कुछ दिन पहले ही लीला ग्रुप के एक फाइव स्टार होटल अयोध्या में खुलने की खबर आई थी. लीला ग्रुप ने अयोध्या में मुंबई के बिल्डर अभिनंदन लोढ़ा के सरयू प्रोजेक्ट में फाइव स्टार होटल खोलने की घोषणा की है. भारत होटल्स, जो कि ललित होटल के ब्रांड नाम से होटल चलाती है, भी धार्मिक स्थलों पर मिड-सेगमेंट कैटेगरी में छोटे होटल खोलने जा रहा है.



### होटल बिजनेस में बड़ा बूम देखने को मिल सकता है

एक रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा समय में अयोध्या में होटल के लिए करीब 50 प्रमुख प्रोजेक्ट काम कर रहे हैं. वहीं फैजाबाद और अयोध्या में लगभग 100 से अधिक होटल हैं. उम्मीद की जा रही है कि अयोध्या में आने वाले दिनों में हर दिन एक लाख लोग पहुंचेंगे. अयोध्या में होटल के एक रूम का किराया एक लाख रुपये तक पहुंच चुका है. ऐसे में आने वाले दिनों में होटल बिजनेस में बड़ा बूम देखने को मिल सकता है. होटल के साथ ही यहां पर गेस्ट हाउस के अलावा धर्मशाला और होम स्टे की भी मांग बढ़ रही है. इसी के मद्देनजर ताज, ओबेरॉय से लेकर रेडिसन तक यहां होटल बनाने के लिए काम कर रही हैं. इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड ने पहले से ही यहां पर दो प्रोजेक्ट तय किए हैं, जिसमें ताज और विवांता जैसे ब्रांड शामिल हैं.

### ताज तैयार

- ताज के एमडी और सीईओ हैं पुनीत चटवाल
- रेडिसन होटल समूह के चेयरमैन हैं केबी काचरु
- ताज का अयोध्या में होटल विवांता खुल चुका है



**प्रचार कार्यक्रम**

नई दिल्ली में मंगलवार को अपनी आगामी फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जिएगा के प्रचार कार्यक्रम के दौरान फिल्म निर्माता आदित्य दत्त के साथ अभिनेता विद्युत जामवाल, अर्जुन रामपाल और एमी जैक्सन.

## गोल्ड ईटीएफ की चमक जारी

# जनवरी में 657 करोड़ रुपये निवेश

**भाषा। नयी दिल्ली**

सोने में निवेश को लेकर आकर्षण बना हुआ है. इसका पता इस बात से चलता है कि गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में जनवरी में 657 करोड़ रुपये निवेश किए गए, जो इससे पिछले महीने की तुलना में सात गुना है. उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने यह जानकारी दी. विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर जारी तनाव और अमेरिका में उच्च मुद्रास्फीति के बीच निवेश के लिए सोना एक सुरक्षित विकल्प है. उद्योग संगठन के आंकड़ों से पता चलता है कि इस निवेश के साथ जनवरी के अंत तक गोल्ड फंड की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) 1.6 प्रतिशत बढ़कर 27,778 करोड़ रुपये हो गई. यह राशि दिसंबर 2023 के अंत में 27,336 करोड़ रुपये थी. आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में गोल्ड ईटीएफ में शुद्ध निवेश इससे पिछले महीने के 88.3 करोड़ रुपये से बढ़कर 657.4 करोड़ रुपये हो गया.

## मार्केट

## वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच शेयर बाजारों में लौटी रौनक

# सेंसेक्स 483 अंक उछला, 71,555.19 अंक पर हुआ बंद

**संवाददाता। मुंबई**

वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच बैंक, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में रौनक लौट आई और बीएसई सेंसेक्स 482 अंक से अधिक बढ़त में रहा. बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 482.70 अंक यानी 0.68 प्रतिशत बढ़कर 71,555.19 अंक पर बंद हुआ. उतार-चढ़ाव से कारोबार के दौरान सेंसेक्स 71,662.74 अंक के ऊपरी और 70,924.30 अंक के निचले स्तर तक भी गया.

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 127.20 अंक यानी 0.59 प्रतिशत बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद हुआ. सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयर बढ़त लेने में सफल रहे जबकि निफ्टी के 50 में से 11 को छोड़कर बाकी सभी शेयरों में तेजी दर्ज की गई. सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में सर्वाधिक 2.46 प्रतिशत की तेजी रही. एक्सिस बैंक, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक और एनटीपीसी भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं.

दूसरी तरफ अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, टाटा मोटर्स और नेस्ले के शेयरों में गिरावट का रुख रहा. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार काफी हद तक पिछले सत्र की गिरावट से उबर गए. इसके पीछे बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की अहम भूमिका रही. जनवरी में खुदरा मुद्रास्फीति के घटने से भी कारोबारी धारणा को बल मिला.



### बीएसई का सूचकांक 0.18 प्रतिशत चढ़ा

बीएसई का स्मालकैप सूचकांक 0 .18 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मिडकैप एवं लार्जकैप सूचकांक दोनों 0 .61 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए. क्षेत्रवार सूचकांकों के मामले में बैंक एवं वित्तीय सेवा खंड में क्रमशः 1.44 प्रतिशत और 1.23 प्रतिशत की तेजी देखी गई. सेवा खंड भी 1.45 प्रतिशत बढ़ गया. दूसरी तरफ धातु खंड को 1.44 प्रतिशत और कमोडिटी खंड को 0 .94 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा. एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक तेजी के साथ बंद हुए जबकि हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में रहा. यूरोप के ज्यादातर बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे.

## एसबीआई के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन बोले

# देश बनने के लिए सलाना 7-8% की वृद्धि दर जरूरी

**संवाददाता। हैदराबाद**

भारत को 2047 तक 13,000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय के साथ विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सालाना सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर जरूरी है. भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने मंगलवार को यह बात कही. प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व चेयरमैन ने यह भी कहा कि असमानता या गरीबी को कम करने के लिए नवाचार एकमात्र समाधान नहीं हो सकता है. उन्होंने कहा कि तेज वृद्धि के अलावा, देश को नकदी और न्यूनतम आय जैसी सब्सिडी के रूप में सामाजिक सुरक्षा जाल की भी जरूरत हो सकती है. रंगराजन ने कहा, मेरे हिसाब से 7-8 प्रतिशत के बीच की वास्तविक वृद्धि इसे विकसित अर्थव्यवस्था के करीब ले जाएगी. विकसित अर्थव्यवस्था की परिभाषा के अनुसार प्रति व्यक्ति आय 13,000 अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक है. भारत की प्रति व्यक्ति आय इस वक्त 2700 अमेरिकी डॉलर है. इसका मतलब है कि प्रति व्यक्ति आय बढ़ाकर पांच गुनी करनी होगी.



